A

FIRST TERMINAL EVALUATION 2016-2017

Third Language
Hindi

Std. IX

Score : 40
Time : 90 minutes

सामान्य सूचना :

- प्रश्न पढ़ने तथा सोचने के लिए पंद्रह मिनट का समय है। इस समय कुछ न लिखें।
- उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें।
- स्कोर और समय पर ध्यान देकर उत्तर लिखें।

सूचना : कविता पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

माँ

माँ अगर तुम न होती तो मुझे समझाता कौन
काँटों भरी इस मुश्किल राह पर चलना
माँ अगर तुम न होती तो मुझे लोरी सुनाता कौन...
खुद जागकर सारी रात चैन की नींद सुलाता कौन
माँ अगर तुम न होती तो
मुझे चलना सिखलाता कौन...

(काँटा - മുള്ള്; राह - വഴി; लोरी - താരാട്ട്;
जागकर - ഉണർന്നിരുന്ന്; चैन - സുഖമായ)

1. कविता में कौन-सा शब्द 'स्वयं' का अर्थ देता है? 1
   (रात ; नींद ; चैन ; खुद)
2. निम्नलिखित आशयवाली पंक्ति चुनकर लिखें। 1
   - *जिंदगी की कठिनाइयों को सहकर आगे चलना।*
3. कविता का परिचय देते हुए टिप्पणी लिखें। 4

सूचना : 'पक्षी और दीमक' कहानी का यह अंश पढ़ें, प्रश्न 4 और 5 के उत्तर लिखें।

उस नौजवान पक्षी को दीमकों का शौक था। वैसे तो ऊँचे उड़नेवाले पंछियों को हवा में ही बहुत से कीड़े तैरते हुए मिल जाते, जिन्हें खाकर वे अपनी भूख थोड़ी-बहुत शांत कर लेते।

4. रेखांकित रूप का सीधा संबंध किस शब्द से है? 1

   नौजवान पक्षी को दीमकों का शौक <u>था</u>।

   (पक्षी ; दीमक; शौक; नौजवान)

5. यहाँ कहानीकार वर्तमान सामाजिक स्थिति पर व्यंग्य करता है। इसपर अपना मत लिखें। 3

61/9739/2016/DTP.

सूचना : कवितांश पढ़ें और 6 से 8 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

जब तक जीवित रही माँ
हम बदलते रहे अपने कंधे
माँ आखिर माँ ही तो है
बार-बार हमें कंधे बदलते देख
हमारे कंधों से उतर गई माँ
और माँ के कंधों से उतरते ही
उतर गए हमारे कंधे।

6. संभावित आशय चुनें और तालिका की पूर्ति करें। 2

- मर गई
- बेसहारे हो गए
- घर छोड़कर चली गई
- मुक्त हो गए

कंधों से उतर गई	....
कंधे उतर गए	....

7. वर्तमान समय में इन पंक्तियों का क्या महत्व है? 2

8. 'पुल बनी थी माँ' कविता पर टिप्पणी लिखें। 4

सूचना : 'पक्षी और दीमक' कहानी का यह अंश पढ़ें, प्रश्न 9 और 10 के उत्तर लिखें।

फिर, एक दिन उस पक्षी के जी में न मालूम क्या आया। वह खूब मेहनत से ज़मीन में से दीमकें चुन-चुनकर, खाने के बजाय, उन्हें इकट्ठा करने लगा। अब उसके पास दीमकों के ढेर के ढेर हो गए। फिर, एक दिन एकाएक, वह गाड़ीवाला दिखाई दिया।

9. कहानी के उपर्युक्त प्रसंग को पटकथा में बदलने के लिए तालिका भरें। 4

• स्थान और समय	....
• पात्र	....
• दृश्य का विवरण	....

10. पटकथा के पात्रों के बीच का संवाद लिखें। 4

सूचना : 11 से 13 तक के प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखें। $2 \times 4 = 8$

11. गोपू, चुन्नी और लल्लू बड़ी मुश्किल से टीवी देखने के लिए आए थे। लेकिन वे देख नहीं पाए। इस अनुभव पर गोपू ने **डायरी** लिखी तो वह कैसी होगी? कल्पना करके लिखें।

12. पंख वापस लेने के लिए पक्षी दीमकें बटोरने लगा। बहुत प्रतीक्षा करने के बाद एक दिन व्यापारी आया। इस प्रसंग पर पक्षी और व्यापारी के बीच का **वार्तालाप** लिखें।

13. अक्तूबर 1 को विश्व वृद्ध दिवस मनाते हैं। इस सिलसिले में बूढ़े-बुजुर्गों के संरक्षण का संदेश देते हुए एक **पोस्टर** तैयार करें।

14. **संशोधन करके लिखें।** 3

- एक गाँव में एक **बूढ़ा** औरत **रहता है**। **उसका** दो बच्चे हैं।

15. **संबंध पहचानें और सही मिलान करें।** 3

ग़ालिब	"मैं खुद दीमकें ढूँढूँगा।"
पक्षी	"मैं कसम खाती हूँ।"
चुन्नी	"उर्दू में कविता लिखता हूँ।"